(c) the number of letters in respect of which final replies were sent; and

(d) the break-up of final letters issued by his Ministry containing positive and negative replies respectively?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) 243.

(b) 241.

(c) and (d) 160 letters were replied indicating the factual position.

Copper Deposit Areas in Orissa

5712. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) the details of the copper deposit areas in Orissa;

(b) whether Government have taken steps for the exploration of copper in those areas; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) Copper and bearing areas are Kesarpur-Kusumbari in Mayurbhanj distrsict and Adash area in Sambalpur district, Orissa.

(b) and (c) Yes, Sir. As a result of survey and exploration carried out by Geological Survey of India (GSI) in Kesarpur-Kusumbari areas, a total reserve of 2.16 million tonnes of copper ore with 1.54% copper at a cut off of 0.8% copper has been established.

In Adash area, a probable reserve of 0.93 million tonnes with an average grade of 1.46% Cu at 0.8% Cu cut off have been estimated. In addition to this, an additional probable reserve of 0.17 million tonnes with an average grade of 0.66% Cu at 0.8% Cu cut off has been estimated.

गुजरात में खनिजों के भंडार

5713. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कच्छ, बनासकांठा, साबरकांठा और सौराष्ट्र में खनिजों के बहुत मूल्यावान भंडार हैं;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) सरकार को यह जानकारी है कि लाइमस्टोन, बॉक्साइट, लिग्नाइट, जिप्सम, बेंटोनाइट, चिकनी मिट्टी और आधार धातु (सीसा-जस्ता-तांबा) अयस्क जैसे मूल्यवान खनिजों के भण्डार कच्छ, बनासकांठा, साबरकांठा और सौराष्ट्र में स्थित हैं।

(ख) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जी०एस०आई०) ने आवधिक बैठकों के माध्यम से राज्य सरकारों को खनिज की प्राप्ति की जानकारी दी है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

खनिज संसाधनों का दोहन

5714. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:**
श्री अनन्त राम जायसवाल:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने खनिज संसाधनों के दोहन और भूविज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के लिए किसी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और किन देशों के साथ किस आधार पर हस्ताक्षर किये गये हैं;

(ख) क्या सरकार ने खनिज संसाधनों के दोहन तथा भूवैज्ञानिक क्षेत्र में कार्य हेतु संभावित क्षेत्रों/राज्यों का कोई सर्वेक्षण किया है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस क्षेत्र में कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है और इस पर कुल कितना खर्च होगा एवं इस कार्य पर कितना समय लगेगा तथा होने वाले कुल खर्च में प्रत्येक संलग्न देश का कितना-कितना हिस्सा होगा?